**28/09/2025**

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आगामी त्यौहारों के मौसम में वोकल फॉर लोकल के मंत्र का स्मरण रखते हुए, इन्हें स्वदेशी उत्पादों के साथ मनाने की अपील की है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की 126वीं कड़ी में आज श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा करते हुए, उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में कई त्यौहार हैं और भारतीय उत्पादों को खरीदने से परिवार में खुशियां बढ़ जायेंगी। श्री मोदी ने कहा कि स्वदेश में तैयार उत्पादों को खरीदने से कारीगरों के परिश्रम का सम्मान होगा और युवा उद्यमियों के सपनों को पंख भी लगेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब छठ पूजा एक वैश्विक उत्सव में बदल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इस महापर्व को यूनेस्को की सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल करने के प्रयास कर रही है।

श्री मोदी ने कहा कि इस सूची में शामिल होने से दुनियाभर के लोग छठ पूजा की भव्यता और दिव्यता का अनुभव कर सकेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत सरकार के ऐसे ही प्रयासों के कारण कोलकाता की दुर्गा पूजा यूनेस्को सूची में शामिल हुई है।

प्रधानमंत्री ने पूरे देश में अपनी पहचान बनाने वाले असम के लोकप्रिय गायक ज़ुबिन गर्ग के असामयिक निधन पर भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ज़ुबिन का असम की संस्कृति से गहरा लगाव था और उनका संगीत आने वाली पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध करता रहेगा।

श्री मोदी ने देशवासियों को आगामी त्योहारों और ख़ासकर दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

0000000000000000000000

संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने आज पापुम पारे जिले के सागाली सर्कल के अंतर्गत सांगरिग गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जोटे और बहुउद्देशीय हॉल के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। ये प्रोजेक्ट भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा स्वीकृत किए गए हैं। इस अवसर पर श्री रिजिजू ने देश के सभी क्षेत्रों में समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नाबम रेबिया, विधायक नाबम विवेक, टोजीर काडू, पापुम पारे जिला उपायुक्त, विशखा यादव सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

0000000000000000000000

राज्यपाल सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनाइक ने दुर्गा पूजा और दशहरा के पावन अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत भर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाए जाने वाले ये त्योहार हमेशा से अच्छाई की बुराई पर जीत का संदेश देते हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि दुर्गा पूजा में देवी दुर्गा की महिषासुर पर विजय का जश्न मनाया जाता है, जो यह हमेशा याद दिलाता है कि साहस, धर्म और सत्य हमेशा अहंकार और बुराई पर विजय पाते हैं।

0000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ लोअर सुबनसिरी ज़िले में आयोजित जीरो संगीत महोत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि सिक्किम इस साल जीरो संगीत महोत्सव का आधिकारिक भागीदार है, जो अपनी जीवंत संस्कृति, खानपान और पर्यटन को इस महोत्सव के केंद्र में ला रहा है। इस दौरान, मुख्यमंत्री ने सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और पर्यटन मंत्री शेरिंग थैंडुप का महोत्सव में उनकी उपस्थिति और समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया।

0000000000000000000000

देशव्यापी स्वास्थ्य पहल “स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान” के तहत, दिबांग वेलि जिले के अनीनी जिला अस्पताल ने अलीने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में एन.सी.डी. स्क्रीनिंग, लैब टेस्ट, काउंसलिंग, आयुष सेवाएं, दंत चिकित्सा, विशेषज्ञ परामर्श, आर.बी.एस.के. स्क्रीनिंग, ए.एन.सी. जांच और टीकाकरण जैसी कई आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।

समुदाय के 80 से अधिक लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और इस पहल का लाभ उठाया। लाभार्थियों को सीएमएवाई और पीएमजेएवाई जैसी प्रमुख स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के तहत भी सहायता मिली ।

0000000000000000000000

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर, दिबांग वेली जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग द्वारा गिपुलिन गाँव को सबसे स्वच्छ गाँव का दर्जा दिया गया। एक सम्मान समारोह के दौरान जिला उपायुक्त बेकिर न्योराक और जिला परिषद अध्यक्ष थेको तायु ने औपचारिक रूप से प्रशंसा प्रमाण पत्र प्रदान किया। पर्यटन विभाग द्वारा जैव विविधता एवं पर्यटन प्रबंधन सोसाइटी और शहरी विकास विभाग के सहयोग से आयोजित इस समारोह का विषय पर्यटन और सतत परिवर्तन था।

0000000000000000000000

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर, भारतीय सेना की स्पीयर कॉर्प्स ने कल आलो और मेचुका में कई कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में राज्य की साहसिक भावना, सांस्कृतिक विरासत और समुदाय की भागीदारी को दिखाया गया। आलो में 100 से अधिक स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक इन कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

0000000000000000000000